जनपद पीलीभीत में ग्राम पंचायतों में नालियों के टर्निमिनेशन प्वाइंटो पर वर्टिकल एवं हारर्जिटल फिल्टर चैम्बरो, डव्लूएसपी का निर्माण कराया गया है जिससे पानी शोधित होकर तालाब, पोखरों एवं बडे नालों में जाये। शासकीय भवनों पर हैण्डपम्पों के आगे आवश्यकतानुसार सोक पिट का निर्माण कराया जायेगा, जिससे जल जमाव न रहे। ग्राम पंचायतो इन निर्मित परिसम्पत्तियों को रख–रखाव एवं संचालन कर रही है। ग्राम पंचायतो में तैनात सफाई कर्मियों के द्वारा नियमित रुप से ग्रे वाटर मैनेजमेंट सिस्टम की साफ–सफाई करायी जा रही है।